महत्वपूर्ण एवं खास

सारंगढ़ में प्रारंभ हुआ श्रम कार्यालय का संचालन

बरमकेला और बिलाईगढ़ के जनपद में भी संचालित है श्रम संसाधन केंद्र

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर जनपद पंचायत सारंगढ़ के अतिरिक्त भवन में श्रम विभाग के कार्यालय के कार्यों का सुचारू संचालन सोमवार से प्रारंभ हो गया है। श्रम कार्यालय का ही श्रम संसाधन केंद्र बरमकेला और बिलाईगढ़ के जनपद कार्यालय में संचालित है। इस कार्यालय में श्रम विभाग अंतर्गत निःशुल्क पंजीयन, योजनाओं का आवेदन श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से सारंगढ़ स्थित कार्यालय से किया जाएगा, जिससे सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ के दूरस्थ अंचल में स्थित श्रमिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु मातृ जिला मुख्यालय रायगढ़ आना जाना नहीं पड़ेगा। श्रम अधिकारी ने समस्त श्रमिकों एवं आम जनता को सूचित किया है कि श्रम विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार के समस्याओं एवं कार्यों के निराकरण हेतु जनपद पंचायत सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ में स्थित श्रम विभाग के कार्यालय और श्रम संसाधन केंद्र में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं कार्यों का निपटारा करा सकते हैं।

तेज रफ्तार बोलरो ने दो बाइक सवारों को मारी ठोकर, चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल

कोरबा (आरएनएस)। दर्री थाना क्षेत्र में एक भीषण सडक़ दुर्घटना हुई, जिसमें एक तेज रफ्तार बोलरो ने दो बाइक सवारों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना दर्री थाना से कोरबा की ओर आने वाले मार्ग पर सीएसईबी पुल के पास एनटीपीसी प्लांट मोड़ के निकट हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलरो वाहन काफी तेज गति में थी और अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार बोलरो के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बोलरो को धक्का देकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए बिना समय गंवाए उन्हें तत्काल ऑटो की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद सडक़ पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई और वाहनों की आवाजाही बाधित रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मोड़ पर ट्रैफिक नियंत्रण और स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर की कबीर नगर थाना पुलिस ने सोनडोंगरी क्षेत्र से एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 09.06.2025 को थाना कबीर नगर पुलिस द्वारा टाउन पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया जा रहा था इसी दरम्यान सोनडोंगरी पुलिया के पास एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जो पुलिस को देखकर छिप रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा उसकी जांच करने पर उसके पास एक लोहे का धारदार चाकू मिला। युवक से नाम पता पूछने पर अपना नाम रवि साहू पिता सुनील साहू उम्र 19 वर्ष निवासी अवधपारा सोनडोंगरी थाना कबीर नगर रायपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 25 आम्र्स एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ ठाकुर वेदमणि सिंह का निधन

रायगढ़ । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ और तबला वादक, कलागुरु ठाकुर वेदमणि सिंह का आज उनके गृहनगर रायगढ़ में 97वर्ष की आयु में निधन हो गया.ठाकुर साहब बी.ए., बी.एड. तो थे ही, वे एम. म्यूजिक़, तबला, वादन, गायन और सितार में भी बी. म्यूज थे।

उनके निधन की सूचना साझा करते हुए रायगढ़ के साहित्यकार बसंत राघव ने बताया कि ठाकुर साहब ने आज दोपहर 12.30 बजे रायगढ़ के अपने निवास में अंतिम साँस ली.ठाकुर वेद मणि सिंह का जन्म 13 मार्च 1935 ई. कोहुआ था. वे ठाकुर जगदीश सिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे. उन्हें तबले की तालीम पिता ठाकुर जगदीश सिंह, पंडित भूषण महाराज, स्वामी पागल दास से मिली। नृत्य विषयक तबले के बोल की विशेष शिक्षा उन्होंने पंडित फिरतू महाराज से ली। वे पिछले चालीस वर्षों से प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद के एम. म्यूजिक तक के परीक्षक रहे। उन्होंने सन् 1953 से 1995 तक हायर सेकेन्डरी स्कूल रायगढ़ में शिक्षकीय कार्य भी किया। इलाहाबाद, दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, भुवनेश्वर, नागपुर, उज्जैन जैसे बड़े शहरों की उन्होंने सांगीतिक यात्रा कर अपने विलक्षण तबला वादन से दर्शकों को बार-बार चमत्कृत कर देते थे। रायगढ़ में शास्त्रीय नृत्य और संगीत के अखिल भारतीय आयोजन चक्रधर समारोह में भी उनकी सक्रिय भूमिका हुआ करती थी।

साहित्यकार बसंत राघव ने यह भी बताया कि ठाकुर वेदमणि सिंह छोटे-बड़े सभी संगीतज्ञों की संगत सुगमता से कर लेते थें। उन्हें देश के नामी - गिरामी संगीतज्ञों के सम्पर्क में आने के कारण अनेक अवसर मिले। यहाँ तक कि भारत रत्न शहनाई वादक स्वर्गीय बिस्मिल्ला खाँ साहब के साथ भी बैठने का सौभाग्य प्राप्त हो चुका था। ठाकुर साहब संगीत

रचना में भी प्रवीण थे। उन्होंने अनेक नई-बन्दिशों की रचना की है, जिनमें दीनताल, मृदंगार्जुन ताल, विलास ताल, रेवती ताल, जगदीश ताल आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार उनके प्रिय राग रहे जयजयवंती, बहार, पूरियाधनाश्री, तालों में सवारी ताल, रुद्र ताल और रुपक ताल उन्हें विशेष प्रिय थे। उनके आदर्श संगीतकारों में पंडित रविशंकर, गुदई महाराज, ओंकारनाथ ठाकुर, पड़े गुलाम अली खाँ, अल्लारखा खाँ थें। इनमें से कई संगीतकारों के दर्शन करने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

ठाकुर साहब को समय -समय पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था. भावनगर में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संगीत सम्राट की उपाधि से नवाजा गया था। उन्हें चक्रधर सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

वे पिछले पैंसठ वर्षों से लक्ष्मण संगीत विद्यालय रायगढ़ में विभिन्न पदों पर कार्य करते आ रहे थे। वर्तमान में इस विद्यालय के प्राचार्य थे। उनके प्रमुख शिष्यों में महेन्द्र सिंह ठाकुर, निमाई चरण पंडा, शुकमणि गुप्ता, नारायणलाल देवांगन, मोहन अग्रवाल, अलका आठले, जगदीश मेहर, मनहरण सिंह ठाकुर, केशव आनंद शर्मा, सुरेश दुबे, देवलाल, चन्द्रकला देवांगन, टेकचंद चौहान, आलोक बनर्जी, गरीबदास महंत, आशीष देवांगन, तथा प्रियंका पटेल प्रमुख हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर 'बेदम' जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चक्रधर सम्मान से सम्मानित, संगीत साधना के महान पुरोधा, कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर 'बेदम' जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कलागुरु 'बेदम' जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन संगीत की साधना एवं प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। रायगढ़ को 'सांस्कृतिक राजधानी' के रूप में गौरवान्वित करने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनके व्यक्तित्व, साधना और कला ने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध किया मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देशभर के अनेक प्रतिष्ठित मंच उनकी प्रतिभा से आलोकित हुए हैं। उनके शिष्यों और संगीत साधकों के लिए उनका जाना अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार और शिष्यों को इस दुःख की घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की।

जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज़, 12 स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त, 12 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर रायगढ़ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस अभियान में कुल 12 स्थानों से 133 लीटर से अधिक महुआ, देशी और अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से शराब बिक्री की रकम भी बरामद की है।

थाना पूंजीपथरा पुलिस ने 9 जून को प्रमोद ढाबा में रेड कर ढाबा संचालक जितेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया, जिसके पास से दो पाव अंग्रेजी गोवा शराब व 28 प्लास्टिक पाउच में कुल 5 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत रु.700 है। इसी दिन वरुण ढाबा से मुन्ना चौधरी के पास से 5.4 लीटर कच्ची शराब व 5 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई जिसकी कीमत रु.1,450 थी।

8 जून को ग्राम गेरवानी सालासर चौक से मनोज कुमार भट्ट के पास 100 पाउच में कुल 25 लीटर महुआ शराब (कीमत रु.2,500) बरामद हुई। वहीं कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के ग्राम डीपापारा सरडामाल में कोतरारोड़ पुलिस ने 30 लीटर हाथ भट्ठी की शराब के साथ फत्ते सिंह सारथी को गिरफ्तार किया गया।

चौकी खरसिया पुलिस ने 8 जून की रात बंधुआ तालाब के पास एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल में शराब लेकर जा रहे रमेश पटेल को पकड़ा, जिसके पास से 14 पाव देशी प्लेन व 15 पाव अंग्रेजी गोवा शराब (कीमत रु.2,920) और रु.15,000 कीमत की बिना नंबर मोटरसाइकिल जब्त की गई।

धरमजयगढ़ पुलिस ने ग्राम बायसी में धजाराम राठिया के पास से 14 लीटर महुआ शराब (रु.1,400) और बिक्री की रकम रु.250 बरामद की।

घरघोड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम टेरम इंदिरा आवास से परदेशी धोबी के पास से 7 लीटर शराब (रु.1,050) तथा बाईपास रोड से गौरीलाल बरेठ के पास से 9 लीटर शराब (रु.1,350) और बिक्री रकम रु.120 जब्त की गई।

तमनार पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कठारापाली से छाया कुर्रे के पास से 9 लीटर शराब (रु.1,800) व रु.100 नकद और कसडोल कोदाईडीपा से आनंद कुमारी धनवार के पास से 10 लीटर शराब (रु.2,000) तथा रु.100 बिक्री रकम बरामद की गई।

छाल पुलिस ने लात पुनर्वास क्षेत्र से मुरली साहु के पास से 6 लीटर शराब (रु.600) जब्त की साथ ही जूटमिल पुलिस ने चुन्नु लाल सारथी (ग्राम तरकेला) के पास से 8 लीटर कच्ची शराब (रु.800) बरामद की।

सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिला पुलिस की इस सघन कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप है और प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध शराब पर अब सख्त और सतत अभियान जारी रहेगा।

नाबालिग से झपटमारी,दो आरोप गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले की तारबहार थाना पुलिस ने एक नाबालिग से सोने की चैन तथा नगदी रकम झपटमारी करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओम केरवानी पिता हरीश केरवानी उम्र 15 वर्ष पता विद्या नगर शिव मंदिर थाना तारबाहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.07.2025 को प्रार्थी अपने मोटर सायकल से घर से कोचिंग करने आईसेक्ट कोंचिग सेंटर पुराना हाई कोर्ट के सामने जा रहा था कि प्रार्थी अपने मोटर सायकल में पेट्रॉल डलवाने अम्बा पेट्रॉल पंप में खड़ा था उसी समय करीबन 5.10 बजे के आसपास प्रार्थी के मोटर सायकल के पीछे एक मोटर सायकल एक्टिवा सीजी 10 बीवी 5675 में दो लडक़े आये और उनके पास रखे 400 रूपये नगदी और गला में पहने चांदी के चैन कीमती करीबन 7000 रूपये कुल जुमला 7400 रूपये को झपटा मारकर छिनकर चोरी कर रेल्वे स्टेशन की ओर भाग गये। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर थाना तारबाहर पुलिस ने आरोपी काव्य हुमने का दोस्त मिर्जा राशिक बेग जुनी लाईन का है दोनों आरोपियों उनके सकुनत पर रेड कार्यवाही कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर चोरी गयी नगदी रकम 400 रूपये, एक स्टील का मुठ लगा चाकू तथा आरोपियो के द्वारा घटना समय में पहने कपड़ा एवम उपयोग किया हुआ मोटरसाइकिल को बरामदकर जप्त कर आरोपी काव्या हुमने उर्फ चिन्कू एवं मिर्जा आशिक बेग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मानसून हवाएं स्थिर, बढ़ने लगा तापमान

रायपुर । आरएनएस

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार खाड़ी में सिस्टम नहीं बनने तथा दंतेवाड़ा से आगे मानसून नहीं बढऩे के कारण फिलहाल वर्षा नहीं हो रही है। मानसून की गतिविधियां स्थिर हो गई है। इसके कारण अधिकतम तापमान बढ़ते जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार राज्य में इस समय मानसून हवाएं स्थिर हो गई है, जिसके कारण राजधानी रायपुर में तापमान अधिकतम 35 से लेकर 40 तक पहुंच गई है। लोग उमश भरी गर्मी से परेशान है। मौसम विभाग के अनुसार मानूसन केरल में समय पूर्व पहुंच गया था। जिसके कारण दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ पहुंच गया, लेकिन खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र नहीं बनने से अभी वर्षा नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमाणिक बीज और खाद लेने के लिए किसान समिति का चक्कर काट रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 54

डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ लद्दाख और उससे लगे कश्मीर के उपर स्थित है।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के पैटर्न में बदलाव होता है। इसके कारण अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर है। अगले 3 दिनों तक स्थिति यही बने रहने की संभावना है। तब तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी रहने की सम्भावना है।

युवक पर चाकू से हमला करने वाले नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस

एक युवक को चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले तीन एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार राय ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मजदूरी का काम करता है तथा व्ही आई पी चौक स्थित ऐरीना होटल के बाजू में बन रहे निर्माणाधीन मकान में विगत एक माह से मजदूरी कर रहा है। प्रार्थी दिनांक 04.06.2025 को रात्रि 8 बजे अपने साथी सलमान कुमार डहरिया के साथ व्ही. आई.पी. चौक के थोडा आगे जा रहा था। उसी समय रास्ते में कुछ अज्ञात लडके मिले जिसमें से एक लडक़ा प्रार्थी को धक्का दिया तब वह क्यों धक्का दे रहे हो बोला तो लडक़े प्रार्थी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये अपने पास रखें चाकू से उसके दाहिने पैर के जांघ में पीछे से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5) बी.एन.एस. 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसके साथी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही पुराने अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा प्रकरण में आरोपी शुभम करवा, राहुल मिश्रा, सूरज जाल सहित विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक को पकडक़र घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों/अपचारी द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर चारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू जप्त कर चारों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में इस विकेंड 29 लोगों पर कार्यवाही

रायपुर । आरएनएस

ड्रिंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध रायपुर पुलिस की अभियान कार्यवाही लगातार जारी है। इस विकेंड 29 ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों पर की गई कारवाही, सभी वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन भी किया जायेगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख़्त कार्यवाही के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा शहर के राम मंदिर के सामने, फुन्डहर चौक एवं अटल नगर नवा रायपुर में बैरिकेटिंग कर ड्रिंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले 29 शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई।

बता दे कि शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रिंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर ड्रिंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत विगत पांच माह के भीतर 732 शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा चुकी है जिसके तहत वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 10,000-10,000 रूपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है, साथ ही उक्त ड्रिंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर लायसेंस निलबंन की कार्यवाही भी की जा रही है।

कारवाही के अनुक्रम में इस शनिवार एवं रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक , एयरपोर्ट टर्निंग एवं सीबीडी बिल्डिंग के पास नवा रायपुर में पुलिस थाना एवं यातायात पुलिस का संयुक्त बल तैनात कर रात्रि 11 बजे से 02 बजे तक बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 29 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई, प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालको का लाइसेंस भी निलंबन हेतु परिवहन कार्यालय भेजा जायेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आगामी 12 जून को प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा बृहद कटहल मेला

❒ महिला समूहों, कृषक संगठनों एवं उद्यमियों को मिलेगा कटहल व्यवसाय में नवाचार का अवसर

जशपुर । आरएनएस

जिला प्रशासन जशपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में बृहद कटहल मेला का आयोजन आगामी 12 जून 2025 को प्रात: 11:00 बजे से, स्थानीय वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुर में किया जा रहा है।

यह मेला कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा-निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। इस मेले में जिले के महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, उत्पादक कंपनियों और कटहल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मेले में कटहल प्रसंस्करण से संबंधित विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो प्रतिभागियों को कटहल से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे – बिरयानी, अचार, कैंडी, बिस्कुट, चिप्स आदि के निर्माण, विपणन और व्यावसायिक संभावनाओं के विषय में प्रशिक्षण देंगे। साथ ही, कटहल आधारित खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कटहल एक अत्यंत पौष्टिक फल है, जिसमें विटामिन ष्ट, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट तथा फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे कई प्रकार की स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक रेसिपियाँ तैयार की जा सकती हैं जिनकी स्थानीय और शहरी बाजारों में व्यापक माँग है। मेले में कटहल से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। विशेष रूप से, किसानों द्वारा लाए गए सबसे बड़े और सबसे लंबे कटहल को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कटहल पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जो प्रतिभागियों की जानकारी और समझ को बढ़ावा देगी।

इस मेले में कृषि महाविद्यालय कुनकुरी, उद्यानिकी महाविद्यालय कुनकुरी, कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, 10य योजना के अंतर्गत गठित कृषक उत्पादक संगठन, नाबार्ड द्वारा पोषित रीड्स संस्था एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रत्येक विकासखंड के संकुल संगठनों से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह मेला न केवल कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि गैर-कृषि क्षेत्र में भी स्वरोजगार एवं आर्थिक समृद्धि के अवसर प्रदान करेगा। जागरूकता कार्यक्रमों और प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीण उद्यमियों को कटहल आधारित उद्योगों की स्थापना में सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे कटहल फल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। प्रकृति सेवा संस्थान, बिलासपुर इस आयोजन में तकनीकी सहयोगी संस्था के रूप में कार्य कर रही है। यह मेला जशपुर जिले की स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण नवाचार को एक नई दिशा देने वाला सशक्त मंच सिद्ध होगा।